हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, गुरुवार, 18 दिसंबर 2025

12 मांगों को लेकर गरजे रिटायर्ड कर्मचारी, प्रदर्शन ...



12 चौधरी खेमचंद स्टेडियम बुशान के खिलाड़ियों ...






## खबर संक्षेप

### खाद बांटने के लिए लगाई अधिकारियों की ड्यूटी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने जिला के सभी पैक्स बिक्री केंद्रों पर यूरिया, डीएपी खाद आदि की उपलब्धता, सुव्यवस्थित वितरण और कालाबाजारी रोकने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। उन्होंने पैक्स के सभी बिक्री केंद्रों पर संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार या उप तहसीलदार, पुलिस अधिकारी, संबंधित खंड कृषि अधिकारी व सहकारी समिति के प्रतिनिधि को नियुक्त किया है। सभी अधिकारी बिक्री केंद्रों पर प्रतिदिन की उपलब्धता का रिपोर्ट भी कार्यालय में भेजेंगे।

### काले बिल्ले लगाकर किया टीकाकरण

**भिवानी।** एमपीएचई एसोसिएशन के जिला सचिव महिपाल ने बताया कि एनएचएम एमपीएचडब्ल्यू फीमेल की लंबित मांगें 4200 ग्रेड पे,वॉशिंग अलाउंस ड्रेस अलाउंस, रिटायरमेंट पर वित्तीय लाभ आदि मुख्य मांगों पर सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की, जिसकारण सभी एमपीएचडब्ल्यू पुरुष व महिलाओं में रोष है। उन्होंने एसो. की राज्य प्रधान शर्मिला देवी के आह्वान पर जिले के सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों पर लगातार पांचवें बुधवार को काले बिल्ले लगाकर विरोध जताते हुए टीकाकरण किया है।

### चंचल शर्मा ने 1247 रैंक के साथ पास की परीक्षा

**तोशाम।** ढाणी रिवासा निवासी छात्रा चंचल शर्मा ने अपने कठिन परिश्रम की बदौलत बिना कोचिंग के क्लेट परीक्षा पास करते हुए पूरे भारतवर्ष में 1247वां रैंक हासिल किया है। परिजनों सहित विद्यालय, गांव तथा क्षेत्र में खुशी की लहर है।



### ईटीआई भिवानी में रोजगार मेला 24 को

**भिवानी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिवानी के प्रांगण में दिनांक 24 दिसंबर को प्रातः 09.00 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमे इलेक्ट्रीशियन, फिटर, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, मशीनिस्ट, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक ट्रैक्टर, टेक्नीशियन पावर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, टर्नर, वायरमैन, फाउंड्रीमैन, शीट मेटल वर्कर व्यवसायों के आईटीआई पास शुदा छात्र इस अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा ले सकेंगे।

# हांसी जिले की घोषणा से बवानीखेड़ा की जनता असमंजस्य की स्थिति में

■ कुछ ने भिवानी से जुड़े रहना पसंद तो कुछ हांसी में शामिल से खुश,अधिवक्ताओं, डॉ. व समाजसेवियों ने अपने अपने विचार किए साझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हांसी में पहुंचकर हांसी को जिला घोषित करने की घोषणा पश्चात बवानी खेड़ा की जनता के बीच भी ये असमंजस्य की स्थिति पैदा हो गई है और उनका मन भी हिचकोले खाने लगा है कि वे पहले की भांति भिवानी का हिस्सा बने रहेंगे या हांसी का हिस्सा बनेंगे। इसी को लेकर अधिवक्ताओं, डॉ. एवं समाजसेवियों ने अपने-अपने विचार साझा किए।

### आखिरी सांस तक भिवानी से जुड़े रहना पसंद : सिंधु



बवानी खेड़ा से नपा पार्षदप्रतिनिधि रह चुके एवं अधिवक्ता राजेश सिंधू ने बताया कि भिवानी उनकी मातृभूमि है और भिवानी से आखिरी सांस तक जुड़े रहना उन्हें पसंद है। यदि भिवानी की बजाए बवानी खेड़ा को हांसी जोड़ा जाता है तो उन्हें व आम जनता को जिले के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। अतिरिक्त चार्ज देकर कोर्ट के लिए पहुंचना होगा। हांसी के साथ जोड़ने की बजाए बवानी खेड़ा शहर को उपमंडल का दर्जा दिया जाए और भिवानी में ही रखा जाए।

### दोबारा घर बसाने जैसा होगा हांसी में शामिल करना



बवानी खेड़ा के व्यवसायी एवं समाजसेवी ललित जैन ने बताया कि उन्हें भिवानी के सरकारी और गैरसरकारी कार्यालयों के चप्पे चप्पे का पता है और हांसी के साथ बवानी खेड़ा को जोड़ना नए घर बसाने जैसा होगा और उन्हें फिर से जिंदगी की नई शुरूवात करनी होगी। इसलिए बवानीखेड़ा को भिवानी जिले के साथ ही जोड़े रखना उचित है। वहीं उन्होंने बताया कि वे तो चाहेंगे कि लोकसभा क्षेत्र में भी भिवानी के साथ जोड़ा जाए ताकि उनके हिस्से के विकास की राशि से विकास हो सके।

### कुछ फायदा कुछ नुकसान : तिलकराज



एडवोकेट तिलक राज सुनसुना ने हांसी को प्रदेश का 23वां जिला बनाए जाने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताते हुए बताया कि बवानी खेड़ा को हांसी में शामिल करने से पहले उपमंडल बनाया जाए ताकि यहां के लोगों को प्रशासनिक सुविधाए मिल सकें और यहां का हर प्रकार से बुनियादी ढ़ांचा मजबूत हो सके। यदि हांसी में इसे शामिल किया जाता है तो सांसद कोटे का बजट खर्च होगा जो मौजूदा ना के बराबर है।

### बजट से शहर का होगा विकास : राजेश ठुकराल



कस्बा वासी राजेश ठुकराल ने बताया कि बवानी खेड़ा की पुरानी तहसील हांसी होने से राजस्व रिकार्ड भी दुरूस्त होगा और पुरानी विरासत मिलेगी व बजट से शहर में विकास की गंगा बहेगी। वहीं उन्होंने बताया कि भिवानी से दिल का रिश्ता है टूटने से दर्द जरूर होगा। बाकि वे शहर की जनता के साथ चलेंगे, उनका मकसद शहर में विकास हो व सभी सुविधा प्राप्त हो वहीं उन्होंने भिवानी तहसील के गांवों को भी भिवानी में ही रखने की मांग की।

# ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी के विरोध में गरजे कर्मचारी

विभाग में फैटल नॉन फैटल एक्सीडेंट बढ़ने की संभावना बढ़ जाएगी

## यह पॉलिसी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी : बल्लू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बिजली विभाग में ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी का विरोध बढ़ता ही जा रहा है। बुधवार को एचएसईबी वर्कर यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले सिटी यूनिट, भिवानी ने कार्यकारी अभियंता के कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर नारेबाजी की। आज के विरोध की अध्यक्षता एचएसईबी के सर्कल सचिव मनोज बल्लू बामला ने की। मंच संचालन यूनिट वरिष्ठ उपप्रधान मोंटी कुमार ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सर्कल सचिव मनोज बल्लू बामला ने कहा कि प्रदेश सरकार बिजली विभाग में ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी लागू करना चाहती है जिसे कर्मचारी किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि अगर यह पॉलिसी लागू होती है तो विभाग में फैटल नॉन फैटल एक्सीडेंट बढ़ने की संभावना बढ़ जाएगी जिससे विभाग व कर्मचारियों दोनों को नुकसान होगा। क्योंकि विभाग में पहले ही कर्मचारियों की कमी बनी हुई है।





भिवानी। मांगों को लेकर नारेबाजी करते कर्मचारी तथा स्थाई डाइट बनाए जाने की मांग को लेकर मांगपत्र सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व प्रेस सचिव ऋषिराम, वरिष्ठ उपप्रधान मोंटी कथूरिया, रमेश यादव, अनिल कादमा, पवन धनाना, कुलदीप तालू, उमेश, सुरेन्द्र एफएम, सुदर्शन यादव,अनिल, विनोद, मनीष कालीरमन, रामबीर सिंह, संजय तालू, पवन पहलवान, राजेंद एसएसए, भूपेंद्र जेई मुंढाल, प्रदीप सीए, परमानंद, अशोक बेनीवाल, विकास सांगवान, जयबीर यादव, सुनील चहल, नरेश पंघाल, पवन जेई, विनय सांगवान, राकेश, विनोद, पूजा लाइनमैन, पूजा एएलएम, दिनेश, कपिल एएफमएम, मनप्रीत सिंह, राजेश सुमरा खेड़ा, जितेंद्र मोनी, प्रदीप नंदा, मनोज कौशिक, योगेंद्र पानू, संजय जांगड़ा ,सुधीर लाईनमैन, पुनीत सरदाना, नितिन, प्रदीप मुंढाल, दीपक गोयल, रामपाल संडवा, अजीत घणघस जेई समेत अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भिवानी में स्थाई डाइट की मांग तेज

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने जिला भिवानी में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) की स्थाई व्यवस्था को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संघ ने शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के नाम मांगपत्र सौंपकर भिवानी में चल रही वैकल्पिक डाइट की व्यवस्था को स्थायी दर्जा देने की मांग की है। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने भिवानी की जिला शिक्षा अधिकारी डा. निर्मल दहिया के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा पंचकुला, निदेशक एससीईआरटी गुरुग्राम, महानिदेशक, मौलिक शिक्षा हरियाणा पंचकुला के नाम मांगपत्र सौंपा। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि भिवानी जिले में जो डाइट की वैकल्पिक व्यवस्था चल रही है, उसे तुरंत प्रभाव से स्थायी डाइट का दर्जा दिया जाए। ताकि शिक्षकों को दूसरे जिले में भटकना न पड़े। संघ के राज्य सचिव महेंद्र, जिला सचिव सुमेर सिंह आर्य ने मांगपत्र के माध्यम से कहा कि भिवानी एक विस्तृत क्षेत्रफल वाला जिला है।



भिवानी। जिप की जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने जाते हुए। फोटो : हरिभूमि

## लड़कियों के लिए 12वीं तक का स्कूल बनवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

■ जिला परिषद की जमीन पर अवैध अतिक्रम हटवाने व कन्या स्कूल बनवाने की उठाई मांग

जिला परिषद की जगह पर रेलवे स्टेशन के पास अवैध अतिक्रमण एवं अवैध रूप से बनाई गई झुग्गी झोपड़ी को हटवाकर लड़कियों कि 12वीं तक का विद्यालय बनवाने की मांग को लेकर रेल अंडर पास महापंचायत के शिष्टमंडल ने प्रधान शिवकुमार गोठवाल की अगुवाई में बुधवार को भिवानी के उपायुक्त को मांगपत्र सौंपा।

प्रधान शिवकुमार गोठवाल व महासचिव सुखबीर सिंह चौहान ने देते हुए बताया कि शिष्टमंडल में रामशरण ठेकेदार, सुखबीर सिंह चौहान, रमेश वर्मा, मनीष बंसल, रोहतास वर्मा शामिल रहे। इस मौके पर प्रधान शिवकुमार गोठवाल व महासचिव सुखबीर सिंह चौहान ने ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि जिला परिषद की भूमि पर पहले पशु मेला लगाया जाता था।

मेला बंद होने के बाद उक्त भूमि पर सरकार ने दूरदर्शन केन्द्र, ईएसआई अस्पताल, पंचायत कार्यालय, कंज्यूमर कोर्ट भवन बनवाया। जिसके बाद शेष बची भूमि पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर अवैध कब्जे करना शुरू कर दिया जो अभी तक जारी हैं तथा अब वे लोग अवैध रूप से झुग्गी झोपड़ी बनाकर यहां रह है। उन्होंने कहा कि अवैध कब्जे हटाने के लिए क्षेत्र लोग बहुत लंबें समय से मांग कर रहे है।

## कुपोषण मुक्त गांव अभियान को सफल बनाएं: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

■ प्रत्येक अति कुपोषण बच्चे की अच्छे से जांच कर खान-पान व सफाई बारे जागरूक करें

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी तालमेल कर कुपोषण मुक्त गांव अभियान को सफल बनाएं। अधिकारी प्रत्येक अति कुपोषण बच्चे की अच्छे से जांच कर खान-पान व सफाई बारे जागरूक करें। एडीसी श्री करवा लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में कुपोषण मुक्त गांव अभियान के तहत समीक्षा बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य व अन्य विभाग के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे रहे थे। उन्होंने जिले के कुपोषण से संबंधित सभी 57 चयनित गाँव में बच्चों के पोषण से सम्बंधित जानकारी लेकर उसके क्रियान्वयन बारे विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी सुपरवाइजरों से ग्रामीण स्तर पर किये गए प्रयास एवं कार्यों का ब्यौरा लिया। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे आपसी तालमेल स्थापित कर कुपोषण मुक्त अभियान में सहयोग करें और इसके साथ ही पोषण ट्रैकर का डाटा का भी मिलान किया जाएं। एडीसी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि पोषण अभियान के तहत आने वाले सभी कार्यक्रम प्रभावी ढंग से करवाए और सुनिश्चित करें।

## मुख्य चौक पर उच्च क्वालिटी के कैमरे लगाने के आदेश

■ एसपी ने घटनास्थल का मुआयना कर सप्ताह में चोरों को गिरफ्तार करने का दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा

पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने आज सुबह कस्बे के झोझू रोड़ पहुंच कर सोमवार रात्रि को चोरी की भेंट चढी बालाजी ज्वैलर्स का मौका मुआयना किया तथा डीएसपी, थाना प्रभारी से जांच को लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से मुलाकात की तथा उनको अवगत करवाया कि चोरी की घटना का सुराग लगाने के लिए वह स्वयं मानिटरिंग कर रहे हैं और पांच टीमें दिनरात जुटी हुई हैं। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से सीसीटीवी कैमरें लगवाने पर चर्चा करते हुए कहा कि व्यापारियों की हर तरह से सुरक्षा ही प्राथमिकता है। कस्बे के झोझूकलां रोड स्थित बालाजी ज्वैलर्स पर पहुंचे एसपी अर्श वर्मा ने सबसे पहले डीएसपी, थाना प्रभारी से अब तक हुई जांच प्रक्रिया के बारे में बातचीत की तथा उसके बाद शोरुम के मालिक अमित सोनी निवासी भांडवा से विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस मौके पर मौजूद थाना प्रभारी व अन्य पुलिस जांच टीमों ने फोरेंसिक टीम व सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों का सुराग लगाने के लिए सबूत जुटाने आरंभ कर दिए हैं, लेकिन भय का माहौल बना हुआ है।



बाढ़डा। पुलिस स्टेशन परिसर में कस्बे के व्यापारियों से चर्चा करते पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा।



भिवानी। शहीद रामप्रसाद बिस्मिल, अश्फाक उल्ला खां, राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी व रोशन सिंह को श्रद्धांजलि देते एआईडीवाईओ व शहीद महापुरुष यादगार कमेटी के सदस्य।

### शहीद पार्क में स्मृति सभा में क्रांतिकारियों को दी श्रद्धांजलि

**तोशाम।** युवा संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन और शहीद महापुरुष यादगार कमेटी के संयुक्त बैनर तले शहीद पार्क में महान क्रांतिकारी शहीद रामप्रसाद बिस्मिल, अश्फाक उल्ला खां, राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी व रोशन सिंह के 98वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर स्मृति सभा हुई, जिसकी अध्यक्षता रिटायर्ड नायब तहसीलदार धर्मवीर सिंह ने की। मुख्य वक्ता रामफल ने कहा कि ब्रिटिश साम्राज्यवादी हुकूमत से देश को आजादी दिलाने के लिए अनेक युवक-युवतियों ने अपना सर्वस्व कुर्बान किया था। क्रान्तिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, अश्फाकउल्ला खां व राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी 19 दिसम्बर 1927 व रोशन सिंह 17 दिसम्बर 1927 को वीरता के साथ हंसते-हंसते फांसी का फन्दा चूम शहीद हो गये थे। बिस्मिल एक अद्भुत संगठक थे।

**बैठक** सोशल मीडिया पर वायरल मैसेज के बाद बढ़ी ग्रामीणों की टेंशन

# भिवानी में रहने को लेकर लोहारी जाटू में पंचायत, प्रस्ताव सीएम को भेजा

हांसी के साथ जोड़ा तो ग्रामीणों की बढ़ जाएगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बीते दिवस सीएम नायाब सैनी के हांसी को जिला बनाए जाने की घोषणा के बाद कुछ इलाकों में लड्डू बांटे जा रहे है तो कई इलाकों के लोगों की हार्टबीट बढने लगी है। खासकर सोशल मीडिया पर वायरल मैसेज व नक्शे ने लोगों के अंदर एक बैचनी सी पैदा कर दी। हालांकि अभी तक हांसी जिले के साथ गांव जोड़ने की बात आई है,उसमें केवल एसपी हांसी की सीमा बंदी के हिसाब से राजस्व जिला बनाए जाने की योजना पर कार्य चल रहा है,लेकिन भिवानी के साथ जुड़े रहने को लेकर लोगों को टेंशन हो गई। इसी क्रम में जाटू लोहारी गांव की पंचायत हुई और पंचायत में सर्व सम्मति से भिवानी में रहने का फैसला लिया। इसके लिए पंचायत की तरफ से एक प्रस्ताव बनाकर विधायक कपूर वाल्मीकि के माध्यम से सीएम नायाब सिंह सैनी के पास भेजा गया है।



बवानीखेड़ा। भिवानी जिले में रहने की मांग को लेकर आयोजित बैठक में उपस्थित ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा

विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने बताया कि जाटू लोहारी को हांसी के साथ नहीं जोड़ा जा रहा है। वे पहले भी सीएम नायब सिंह सैनी से इस बारे में चर्चा कर चुके है। सोशल मीडिया पर फैले वायरल मेसेज से लोग गुमराह हुए है। फिलहाल हांसी पुलिस की सीमाबंदी के हिसाब राजस्व रिकार्ड तैयार किया जा रहा है। इसके बाद भी वे इस मामले को लेकर सीएम से मुलाकात करेंगे।

### हमारा गांव हांसी 26 किलोमीटर दूरी

आयोजित पंचायत में लोगों का तर्क था कि अगर हांसी के साथ जोड़ा गया तो उनकी अनेक तरह की टेंशन बढ जाएगी। क्योंकि अभी तक सभी कार्य व अन्य रिकार्ड भिवानी में ही है। अगर हांसी के साथ जोड़ा गया तो उनको सरकारी कार्य निपटवाने के लिए हांसी जाना पड़ेगा। जो कि गांव लोहारी जाटू से करीब 26 किलोमीटर दूरी पर है।

## निःशुल्क आधार कार्ड दुरूस्त करवाने का कार्य करवाना सुनिश्चित करें अधिकारी: एडीसी

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि कहा कि नागरिक संसाधन सूचना विभाग के तहत आधार कार्ड का कार्य भिवानी के लिए स्थानीय सरल केन्द्र में और बवानी खेड़ा ब्लॉक, बवानी खेड़ा एमसी, सिवानी एमसी, लोहारू एमसी तथा लोहारू ब्लॉक, तोशाम ब्लॉक संबंधित बीडीपीओ कार्यालय जाकर अपना आधार कार्ड बिना किसी फीस के ठीक करवा सकते हैं। एडीसी श्री करवा लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हाल में आधार कार्ड, पीपीपी व लाडो लक्ष्मी योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी ब्लॉक व एससी में आधार कार्ड से संबंधित कार्य को सुचारू रूप से चलवाना सुनिश्चित करें। आधार कार्ड को दुरुस्त करवाने में आमजन को कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए और उनको यह सेवा निःशुल्क मुहैया करवाई जाए। वहीं दूसरी ओर एडीसी ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि वे योजना के बारे में लोगों को जागरूकता अभियान चलाकर जानकारी दें।

